**न्यायालयः अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/**
**विशेष न्यायाधीश एस०सी०/एस०टी० एक्ट, हापुड़।**
**सत्र वाद संख्या– 924/2024**
**सरकार बनाम नरेश आदि।**
अंतर्गत धारा– 115(2), 352 भा०न्या०सं०
व 3(2)(va) एस०सी०/एस०टी० एक्ट।
मु०अ०सं०– 124/2024
थाना– कपूरपुर, जिला– हापुड़।

**<u>आदेश (आरोप विरचन के संदर्भ में)</u>**

**<u>दिनांकः– 30.05.2025</u>**

पत्रावली पेश हुई। पुकार कराई गई। अभियुक्तगण **नरेश व सुधा** जेरे जमानत उपस्थित।

अभियुक्तगण के विद्वान अधिवक्ता द्वारा आरोप विरचन के बिन्दु पर बहस की गई। विद्वान विशेष लोक अभियोजक (एस०सी०/एस०टी० एक्ट) को सुना गया। विद्वान विशेष लोक अभियोजक (एस०सी०/एस०टी० एक्ट) द्वारा अपने केस का खुलासा किया गया और उस साक्ष्य का उल्लेख किया गया, जिसके द्वारा उन्हें अभियोजन का पक्ष कथन सिद्ध करना है।

पत्रावली का सम्यक अवलोकन किया गया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि अभियुक्तगण **नरेश व सुधा** के विरुद्ध भा०न्या०सं० की धारा 115(2), 352 एवं एस०सी०/एस०टी० एक्ट की धारा 3(2)(va) के अधीन आरोप विरचन हेतु पत्रावली पर पर्याप्त प्रलेखीय साक्ष्य उपलब्ध हैं। अतः अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध उक्त धाराओं के अधीन आरोप विरचित किया जाकर वास्ते अभियोजन साक्ष्य पत्रावली दिनांक 30.06.2025 को पेश हो।

**दिनांकः– 30.05.2025**

(हनी गोयल)
(J.O. CODE–UP02408)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश एस०सी०/एस०टी० एक्ट,
हापुड़।

Digitally signed by HONEY GOEL
Date: 2025.06.16 16:23:16 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court

**न्यायालयः अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/**
**विशेष न्यायाधीश एस०सी०/एस०टी० एक्ट, हापुड़।**
**सत्र वाद संख्या– 924/2024**
**सरकार बनाम नरेश आदि।**
अंतर्गत धारा– 115(2), 352 भा०न्या०सं०
व 3(2)(va) एस०सी०/एस०टी० एक्ट।
मु०अ०सं०– 124/2024
थाना– कपूरपुर, जिला– हापुड़।

**<u>आरोप</u>**

मैं, हनी गोयल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एस०सी०/एस०टी० एक्ट, हापुड़ एतद्द्वारा आप अभियुक्तगण **नरेश व सुधा** को निम्नलिखित आरोपों से आरोपित करता हूं–

**<u>प्रथम</u>–** यह कि दिनांक 22.07.2024 को समय करीब 12.30 बजे दोपहर, बस्थान वहद जंगल ग्राम कमरुद्दीन नगर, थाना कपूरपुर, जिला हापुड़ में आप अभियुक्तगण ने वादी मुकदमा के साथ मारपीट कर साधारण उपहति कारित की। इस प्रकार आपके द्वारा किया गया उक्त कृत्य भा०न्या०सं० की धारा 115(2) के अधीन दण्डनीय अपराध है, जो इस न्यायालय के संज्ञान में है।

**<u>द्वितीय</u>–** यह कि उपरोक्त दिनांक, समय व स्थान पर आप अभियुक्तगण ने वादी मुकदमा को अपमानित करने के आशय से गंदी–गंदी गालियां दीं। इस प्रकार आपके द्वारा किया गया उक्त कृत्य भा०न्या०सं० की धारा 352 के अधीन दण्डनीय अपराध है, जो इस न्यायालय के संज्ञान में है।

**<u>तृतीय</u>–** यह कि उपरोक्त दिनांक, समय व स्थान पर आप अभियुक्तगण ने वादी मुकदमा, जो कि अनुसूचित जाति का सदस्य है, के साथ मारपीट कर साधारण उपहति कारित की, उसे अपमानित करने के आशय से गाली गलौज की, अवमानित करने के आशय से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इस प्रकार आपके द्वारा किया गया उक्त कृत्य एस०सी०/एस०टी० एक्ट की धारा 3(2)(va) के अधीन दण्डनीय अपराध है, जो इस न्यायालय के संज्ञान में है।

आरोप अभियुक्तगण को पढ़कर सुनाये एवं समझाये गये। अभियुक्तगण ने आरोपों को अस्वीकार किया और विचारण की मांग की।

**दिनांकः– 30.05.2025**

(हनी गोयल)
(J.O. CODE–UP02408)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश एस०सी०/एस०टी० एक्ट, हापुड़।

अतएव एतद्द्वारा मैं, आपको आदेशित करता हूं कि उक्त आरोपों के लिए आपका परीक्षण इस न्यायालय द्वारा किया जायेगा।

**दिनांकः– 30.05.2025**

(हनी गोयल)
(J.O. CODE–UP02408)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश एस०सी०/एस०टी० एक्ट, हापुड़।